उत्तर प्रदेश का खान सम्बन्धी सर्वेक्षण

२००५. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **इस्पात, खान और ईंधन** मंत्री १३ मार्च, १९५९ के अतारांकित प्रश्न संख्या १८६३ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के भूतत्वीय तथा खनन निदेशालय ने इस बीच वर्ष १९५७–५८ की विस्तृत रिपोर्ट दे दी है ; और

(ख) यदि हां, तो, क्या उसकी एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

खान और तेल मंत्री (श्री के० दे० मालवीय) : (क) १९५७–५८ की विस्तृत रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इसकी प्रतीक्षा की जा रही है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश का भूतत्वीय सर्वेक्षण

२००६. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **इस्पात, खान और ईंधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार के भूतत्व शास्त्रियों ने उत्तर प्रदेश के पांच पर्वतीय जिलों यथा, अल्मोड़ा, नैनीताल, गढ़वाल, देहरादून और टिहरी-गढ़वाल का सर्वेक्षण किया था; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस सर्वेक्षण के ब्योरे और उसके फलस्वरूप प्राप्त निष्कर्षों पर प्रकाश डालने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जायेगा ?

खान और तेल मंत्री (श्री के० दे० मालवीय) : (क) जी, हां । भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा सर्वेक्षण किया गया था ।

(ख) अनुसन्धानों का एक संक्षिप्त सारांश, जो कि भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण के "रिकार्डज" (records) के तौर पर छपते हैं, वार्षिक रिपोर्टों में शामिल किया जाता है । उन रिपोर्टों की प्रतिलिपियां संसद् के पुस्तकालय को हमेशा भेजी जाती हैं ।

छावनी बोर्डों को अनुदान

२००७. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या १९५९-६० के वित्तीय वर्ष में लैंसडोन, चकरौता, लंडौर, नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत, देहरादून और क्लीमेण्ट टाउन के छावनी बोर्डों को उनके विकास कार्यों में मदद देने के लिये अनुदान देने का निश्चय किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक छावनी बोर्ड म किस विकास कार्य के लिये कितना अनुदान स्वीकार किया गया है; और

(ग) उन विकास कार्यों में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

प्रतिरक्षा उपमंत्री (सरदार मजीठिया): (क) जी हां।

(ख) और (ग). एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है **[देखिये परिशिष्ट ३, अनुबन्ध संख्या १०३]**।

Museum at Kamalpur

2008. Shri Agadi: Will the Minister of **Scientific Research and Cultural Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 1389 on the 11th September, 1959 and state the further progress made towards the construction of a Museum in Kamalpur village in Bellary District (Mysore State) to preserve the antiquities of Vijayanagar Empire period from Hampi?

The Deputy Minister of Scientific Research and Cultural Affairs (Dr. M. M. Das): The Chief Engineer, Central P.W.D. has been requested to send an architect immediately to Kamalpur to see the selected site and prepare a design of the building in question.